Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the non-implementation of Ayushman Bharat Yojana in Darbhanga due to technical reasons.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : अध्यक्ष महोदय, आयुष्मान भारत योजना गरीबों के मसीहा, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा प्रारम्भ की गई । यह गरीबों को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जिसके माध्यम से गरीब परिवार के व्यक्तियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज संभव है ।

महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र दरभंगा जिले के कई गांव एवं वार्ड किसी तकनीकी कारणों से इस महत्वपूर्ण योजना से अब तक वंचित हो रहे हैं, क्योंकि लिस्ट में उस गांव एवं वार्ड का नाम अंकित नहीं है । दरभंगा जिले में 27 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलना था, लेकिन आज तक दो लाख गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल सका है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि जो भी तकनीकी समस्या है, उसको यथाशीघ्र दूर किया जाए, ताकि इस कल्याणकारी योजना का लाभ दरभंगा जिले के गरीबों को मिल सके । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।